# उत्तराखंड में AI केंद्र का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने उत्तराखंड के ग्राफिक एरा (डीम्ड विश्वविद्यालय) में **"कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कौशल विकास और नवाचार के लिये उत्कृष्टता केंद्र"** का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु

- **केंद्र के बारे में:**
  - यह केंद्र उत्तराखंड में एक **अग्रणी पहल** है, जिसका उद्देश्य **AI अनुसंधान और विकास** का नेतृत्व करना है, साथ ही इसके अनुप्रयोग में **नैतिकता** तथा **पारदर्शिता** को प्राथमिकता देना है।
  - यहाँ एक **एप्पल iOS विकास केंद्र** स्थापित किया गया है, जिसे **एप्पल और इन्फोसिस** के सहयोग से बनाया गया है। साथ ही, यह राज्य की पहली **एनवीडिया AI (NVIDIA AI)** तथा **उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग सुविधा** भी है।
- **लागत:**
  - 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह केंद्र **स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, स्मार्ट शहरों और उन्नत उद्योगों** जैसे क्षेत्रों में नवाचार तथा अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा।
- **भारत का पहला जनरेटिव AI रेडी कैंपस:**
  - ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, जिसे **NIRF रैंकिंग 2025 में 48वाँ स्थान** प्राप्त और **NAAC द्वारा A+ ग्रेड** से मान्यता प्राप्त है, **भारत का पहला जनरेटिव AI रेडी कैंपस** है। इसे **अमेज़न वेब सर्विसेज (AWS)** द्वारा संचालित किया जाता है।
  - "विश्वविद्यालय का लक्ष्य इस केंद्र को **अनुसंधान, कौशल विकास और नवाचार का राष्ट्रीय केंद्र बनाना है**, ताकि छात्र उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप करियर के लिये तैयार हो सकें।"
- **महत्त्व:**
  - सरकार के **डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया मिशन** के अनुरूप, यह केंद्र **उद्यमिता को बढ़ावा** देने तथा **उद्योग-केंद्रित प्रतिभा** विकसित करने के लिये समर्पित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ai-centre-inaugurated-in-uttarakhand